पशु वैज्ञानिकों द्वारा नये क्षय रोग से पीड़तों को गोद लेने हेतु सक्रिय सहभागिता

जबलपुर। आज दिनांक 12.04.2019 को माननीय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. धीरज दावंडे ने क्षय रोग से पीड़ित लोगों को गोद लेने हेतु विस्तृत रूपरेखा का विवरण प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में माननीय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि. एवं वि.वि. के समस्त अधिकारियों द्वारा अपने–अपने सुझाव प्रस्तुत किये गये। इस बैठक में ना.दे.प.चि.वि.वि. के अंतर्गत गोद लिये हुये गाँवों में क्षय रोग पीड़ित रोगियों का चिन्हित करने एवं उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सुझाव देने पर भी विचार विमर्श किया गया।

इस समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय एवं जिला क्षय रोग औषधालय, जबलपुर, साझा रूप से यह कार्यक्रम का क्रियान्वयन विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये हुये गाँवों में करेगें। साथ ही इस कार्यक्रम में आशा कार्यकर्त्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं ग्राम पंचायत की भी सहभागिता होगी। साथ ही निर्णय लिया गया कि संचालनालय, विस्तार शिक्षा के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परियोजनायें क्रमशः फार्मर फर्स्ट व उन्नत भारत अभियान के अंगीकृत 10 ग्रामों में **''क्षय रोग मुक्त भारत कार्यक्रम''** तथा **''स्वस्थ नारीः स्वस्थ प्रदेश कार्यक्रम''** भी साथ–साथ क्रियांवित किये जायेगें।

माननीय कुलपति जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे विश्वविद्यालय में यह कार्यक्रम मई 2018 से चल रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप 3 क्षय रोग से पीड़ित रोग मुक्त हो चुके हैं तथा वर्तमान में 13 क्षय रोग से पीड़ित मरीज केन्ट अस्पताल में पंजीकृत हैं। भविष्य में भी यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की सक्रिय सहभागिता से अन्य कार्यक्रमों जैसे–उन्नत समन्वित पशुपालन आधारित कृषि व स्वस्थ नारीः स्वस्थ प्रदेश कार्यक्रम के सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जावेगें।

इस अवसर पर डॉ. धीरज दावंडे, जिला क्षय रोग अधिकारी, श्रीमांत ढ़िमोले, कोर्डीनेटर आर.एन.टी.सी.पी., डॉ. एस.एन.एस. परमार, अधिष्ठाता संकाय, डॉ. जे.के. भारद्वाज, संचालक प्रक्षेत्र, डॉ. एस.के. जोशी, कुलसचिव, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. मुध स्वामी, परीक्षा नियंत्रक, डॉ. हरि आर. की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमिता तिवारी, एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनिल कुमार गौर ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर